(c) The benefit ot' partial convertibility is autiiabie only to the exporters under LERMS policy. Draw back is a mechanism for refund of duties paid on the inputs in the export product. The producer is nornormally expected to lake into account this duty component in his sales prices to the exporter and, therfore. Scands compennsated in respect of indeans of duty As such.the questions of sharing of drawback benfit by the exporter with the producer does not aries.

अखिल भारतीय विद्युतकरघा बोर्ड के लिए धनराशि का उपबंध

1668. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **वस्त्र** मंत्री 4 मई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 619 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस अखिल भारतीय विद्युतकरघा बोर्ड की स्थापना केवल दो वर्ष के लिए की गई हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) बोर्ड के संचालन के लिए अपेक्षित व्यय की राशि का क्या उपबंध किया गया हैं; और

(घ) बोर्ड द्वारा तैयार किए गए वार्षिक बजट की धनराशि कितनी है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) जी हां।

(ख) पहले बोर्ड की अवधि सामान्यतया एक वर्ष की हुआ करती थी जिसे वार्षिक आधार पर बढ़ा दिया गया था । इसलिए दो वर्ष की अवधि को उचित माना गया था ।

(ग) और (घ) अखिल भारतीय विद्युत-करघा बोर्ड एक सलाहकार बोर्ड है इसलिए बोर्ड को चलाने के लिए कोई राशि प्रदान नहीं की गई है ।

जापान को वस्त्रों का निर्यात

1669. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आसिबा :

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय कपड़ा मिलों द्वारा शीघ्र ही जापान को अपने उत्पादों का निर्यात किये जाने की संभावना है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) और (ख) भारतीय वस्त्र मिलें अपने उत्पादों को जापान में पहले से ही निर्यात कर रही हैं । विगत 3 वर्षों के दौरान भारतीय मिल क्षेत्र द्वारा जापान को किये गये निर्यातों का ब्यौरा निम्नानुसार है :—

(मूल्य करोड़ रु० में)

वर्ष	पैंट्रिक्स	मेड-अप्स	यार्न	कुल
1989	2.09	1.82	29.03	32.94
1990	0.44	1.36	21.08	22.88
1991	1.23	1.98	50.66	53.87